

डीआर भोपाल

डिजीटल अखबार

भोपाल, वैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष 02 - 2083 | भोपाल,दिन बुधवार 11,नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

भोज विवि में बीएड विशेष शिक्षा संपर्क कक्षाएं 16 से

भोपाल। मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम के सत्र 2025-29 की प्रथम संपर्क कक्षाएं 16 नवंबर से होंगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निर्धारित संपर्क कक्षाओं में सम्मिलित होना होगा। ये कक्षाएं 17 दिसंबर तक चलेंगी। विवि ने एलएड विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम के सत्र 2025-28 के तृतीय सेमेस्टर की संपर्क कक्षाओं और प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। इसके लिए नवंबर की अवधि निर्धारित है।

सैकड़ों गैस पीड़ित महिलाओं की पेंशन अगस्त 25 से बंद

भोपाल। राजधानी की सैकड़ों पुरुष और निराश्रित गैस पीड़ित महिलाओं की पेंशन पिछले साल अगस्त 2025 से बंद है। गैस पीड़ित संगठनों का कहना है कि ई-केवाईसी के नाम पर इन महिलाओं के नाम पेंशन सूची से काट दिए गए, जिन्हें एक साल से ज्यादा समय होने के बाद भी दोबारा नहीं जोड़ा गया है। इन महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित होना पड़ रहा है। संगठन के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि केवाईसी के नाम पर फर्जी लाभ के नाम पर जिन गरीब छूटी विधवाओं व विकलांगों की पेंशन अगस्त 2025 से बंद है, उनकी पेंशन पुन: शुरू की जाए। राष्ट्रीय पेंशन राशि 1500 रुपए प्रति माह करने की मांग कर रहा है।

चार्जर गुमने के विवाद में कुल्हाड़ी से किया हमला

भोपाल। लालाघाटी इलाके में चार्जर गुमने की बात को लेकर हुए विवाद के चलते पुजारी ने राजी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। राजी ने अपने हाथ से रोका, जिससे उसके हाथ की दो अंगुलियां कट गईं। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, नेहरू नगर निवासी बंद प्रकाश एक मंदिर की समिति के सदस्य हैं। पुजारी जितेंद्र पांडे भी समिति सदस्य हैं। रात 8 नवंबर की रात मोबाइल का चार्जर गुमने की बात पर दोनों में विवाद हो गया। बंद प्रकाश ने जितेंद्र पांडे को जमकर मार दिया। मारपीट मारने से गुस्साए जितेंद्र ने अपनी गाड़ी की डिक्की से छोटी कुल्हाड़ी निकाल कर बंद प्रकाश पर हमला कर दिया। बचने के प्रयास में परिवादी ने हाथ आगे कर दिया जिससे उसकी दोनों उंगलियों में गंभीर चोट आई है।

भोपाल में पहली बार होगी एशियन वुमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

भोपाल। मध्यप्रदेश पहली बार एशियन वुमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की मेजबानी करेगा। भोपाल के अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 28 नवंबर तक प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें भारत सहित जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और कजाकिस्तान की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। करीब 150 खिलाड़ी मैदान में उतरेंगी। मुकाबलों का लाइव प्रसारण 186 देशों में किया जाएगा।

राजीव आप्टे बने विधि विभाग के प्रमुख सचिव

भोपाल। राज्य सरकार ने उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी राजीव आप्टे को विधि एवं विधायी कार्य विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया है। वे वर्तमान में राजगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं।

दिया इस्तीफ

बिरसा मुंडा जयंती पर प्रदेश में तीन बड़े आयोजन, जबलपुर-धार-खंडवा में होंगे राज्यस्तरीय समारोह

14 से 16 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन, धार में 2500 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना का होगा लोकार्पणय 300 गांवों को मिलेगा लाभ

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मंगलवार बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में 14 से 16 नवंबर तक तीन बड़े राज्यस्तरीय आयोजन किए जाएंगे। प्रदेश के तीन अलग-अलग जनजातीय अंचलों में होने वाले इन कार्यक्रमों की शुरुआत 14 नवंबर को जबलपुर से होगी। 15 नवंबर को धार में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि 16 नवंबर को खंडवा में तीन दिवसीय आयोजनों का समापन होगा। धार के डही में करीब 2500 करोड़ रुपए की लागत वाली आदिवासी सिंचाई परियोजना का लोकार्पण भी किया जाएगा। इससे धार और अलीराजपुर जिले के लगभग 300 गांवों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन आयोजनों की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, वरिष्ठ मंत्री रामविचार नेताम और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान सिंह सोनगरा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज ने महानायकों को सम्मान देने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक तक सीमित रखा, जबकि भाजपा जनजातीय नायकों की जयंती और बलिदान दिवस को गौरव के साथ मना रही है।



१४ से १६ नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन, धार में २५०० करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना का होगा लोकार्पणय ३०० गांवों को मिलेगा लाभ

जननायकों के नाम पर संस्थानों का नामकरण

"12 से 20 नवंबर तक भाजपा एसटी मोर्चा की गतिविधियां"

12 और 13 नवंबर को जिला एवं मंडल स्तर पर तैयारियों के लिए बैठकें होंगी।
14 नवंबर को जनजातीय महानायकों की प्रतिमाओं और देवस्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।
15 नवंबर को प्रदेश और जिला स्तर पर जयंती समारोह होंगे।
16 और 17 नवंबर को जनजातीय छात्रावासों में विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा।
18 से 20 नवंबर तक ब्लॉक स्तर पर जनजाति गौरव सप्ताह आयोजित होगी।

89 जनजातीय विकासखंडों में भी होंगे कार्यक्रम

सरकार और संगठन की ओर से 20 नवंबर तक प्रदेश के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी 89 जनजातीय विकासखंडों के सरकारी स्कूलों और छात्रावासों में विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और अंग्रेजों के खिलाफ उनके आंदोलन की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ टंट्या मामा, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान से भी नई पीढ़ी को परिचित कराया जाएगा।

"तीन शहरों में होंगे प्रमुख आयोजन"

"14 नवंबर, जबलपुर" जनजातीय गौरव दिवस के तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जबलपुर को गोंडवाना साम्राज्य और वीरांगना रानी दुर्गावती की ऐतिहासिक राजधानी के रूप में विशेष महत्व दिया गया है।
"15 नवंबर, धार" भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मुख्य राज्यस्तरीय समारोह होगा। यहीं से 2500 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना का लोकार्पण और शेष का प्रस्तावित है।
"16 नवंबर, खंडवा" निमाड़ अंचल में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके साथ तीन दिवसीय आयोजन का समापन किया जाएगा।

शोरूम से गायब 6.94 लाख रुपए पुलिस ने तलाश कर लौटाए

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में शोरूम से गायब हुए 6 लाख 94 हजार 200 रुपए पुलिस ने कुछ ही घंटों में तलाश कर शिकायत दिए। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने की पहचान की।

पुलिस के मुताबिक, 9 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे शोरूम मैनेजर सुमित अहिरवार निवासी गुलाब नगर हिसाब-किताब कर रहे थे। इस दौरान उनकीटेबल से लाख 94 हजार 200 रुपए एक थैले में रखकर काउंटर पर छोड़े थे। कुछ देर बाद थैला गायब मिला। इसको बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शोरूम और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। फुटेज के आधार पर एक व्यक्ति की पहचान कर पूछताछ की गई। उससे बताया कि वह परिवार के साथ शोरूम आया था और गलती से दूसरे का थैला अपना समझकर ले गया। जानकारी मिलने पर उसने थैला पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पूरी रकम की पुष्टि कर मैनेजर को वापस दिला दी।

शराब पीने से रोकने पर टंकी पर चढ़ा युवक, गिरने से मौत

भोपाल के गुनगा गांव में 20 वर्षीय युवक 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ा

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल



गुनगा गांव में सरपंच पति की अनुमति ली लेकर परिवारों की रोक-टोक से नाराज 20 वर्षीय युवक जी खानी की टंकी से गिरने से गंभीर चोट हो गई। मंगलवार शाम हुई घटना के दौरान उसे बचाने के लिए कूदा गई भी टंकी पर पहुंचा और समझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाए गए युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सोहनलाल आदिवासी को शराब पीने की आदत थी। मंगलवार सुबह मां और अन्य महिलाओं ने उसे शराब पीने से मना किया था। इस बात से नाराज होकर वह घर से निकल गया। पत्नियों के मुताबिक, उसने जाते समय खाना देने की बात भी की थी। शाम करीब 5:30 बजे वह गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गया।

सूचना पर गुनगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दीपू सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

सूचना के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलने पर सरपंच पति भाई दिलू भी मौके पर पहुंचा। परिवार वाले समझाने के लिए पीछे सीढ़ियों का सहारा लिया। इस दौरान भाई ने उसे पकड़कर खींचने की कोशिश की, लेकिन संघर्षरत में संतुलन खो दिया। घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रदेश के 17 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे, अमरकंटक सबसे

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। रात के तापमान में लगातार गिरावट के चलते प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम पारा 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। अमरकंटक और जबलपुर में तापमान 12 डिग्री से भी कम दर्ज किया गया। वहीं भोपाल और जबलपुर में पचमढ़ी से ज्यादा ठंड रही। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार, बीती रात अमरकंटक में पारा लुढ़क कर 10.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कटनी के कठौंदी में 11.3, दमोह में 12, शाहडोल के कमलापुर में 12.5, नरसिंहपुर में 12.6 और सतनाखंड में 12.9 डिग्री तापमान रहा।

भोपाल, जबलपुर और सिवनी में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पचमढ़ी में 13.2 डिग्री रहा। उमरिया में 13.4, मंडला और नौगांव में 13.6, रीवा में 13.8, ग्वालियर में 14, खजुराहो में 14.4 और पेंड्रा में 14.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

हवा की गुणवत्ता भी बिगड़ी

ठंड के साथ प्रदेश के कई शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। दिवाली के बाद भोपाल और उज्जैन में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया। ग्वालियर, इंदौर, देवास, जबलपुर, मंडीदीप, सिंगरौली, पीथमपुर और सतनी में भी प्रदूषण बढ़ा है। शाम के बाद धुंध और सुबह हल्का कोहरा दिखाई दे रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुष्कवार को प्रदेश में कहीं भी अंधी या घनिष्ठ छा जाने की संभावना नहीं है। किसानों मौसम शुष्क रहेगा और रात के तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

सुतली बम के धमाके में 12 वर्षीय बच्चा गंभीर घायल, कोटा रेफर

डीआर संवाददाता ▸▸ रायपुर

दीपावली के दौरान प्रदेश के कई हादसों में सिलसिला थम नहीं रहा है। रायपुर के सोई ताल में मंगलवार सुबह सुतली बम के धमाके में 12 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक के दौरान उसके साथ मौजूद दोस्त शिवांशु भी धमाके की आवाज और सभी की हालत देखकर बेहोश हो गया। घोल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, घोल सॉलर स्कूल में कक्षा छठवीं का छात्र है। मंगलवार सुबह वह घर के पीछे वाली गली में दोस्तों के साथ पटाखे चला रहा था। इसी दौरान सुतली बम के धमाके में पास खड़ा मित्रवार छूकर उसके पेट में जा लगा। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। बनावट सूरजकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे।

साथी की हालत देखकर दोस्त भी हुआ बेहोश

घटना के समय शिवांशु भी घोल के साथ मौजूद था। धमाके के बाद घोल को घायल देखकर वह घबरा गया और बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरोहलाल उसकी हालत स्थिर बताई गई है। घोल की दादी शमसती के मुताबिक, पड़ोसियों ने घर पहुंचकर हादसे की जानकारी दी थी।

दूसरे शहरों में भी पटाखों से हादसे

दीपावली के दौरान प्रदेश के अन्य शहरों में भी कच्चे पटाखों की चपेट में आकर पांचवां हुए हैं। गाडूमाई के तनुजगती वार्ड में 9 वर्षीय बच्चा पटाखों से निकली आग की चपेट में आकर झुलस गया। उसे नागपुर रेफर किया गया। भोपाल में 14 वर्षीय बच्चे की आंख में पटाखे के जलता हुआ टुकड़ा लगने से गंभीर चोट आई, जबकि जबलपुर में 14 वर्षीय कार्तिक पुत्रा की आंख में चोट लगी और 7 वर्षीय सौम्या लोधी भी जलते पटाखे की चपेट में आकर घायल हो गई।

रायपुर देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि फिलहाल थाने में घटना की सूचना नहीं मिली है। अस्पताल से जानकारी लेकर मामले की पुष्टि की जाएगी।

विमोचन

वर्ष 2025 में पुलिस बल के स्वीकृत पदों में 2,673 की वृद्धि

पुलिस संगठन की संरचना, स्वीकृत बल, संसाधनों एवं उपलब्धियों का समग्र विवरण समाहित

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने आज पुलिस मुख्यालय, भोपाल में मध्यप्रदेश पुलिस की सांख्यिकी डायरी पुलिसिका-2025 का विमोचन किया। यह पुलिसिका मध्यप्रदेश पुलिस की संगठनात्मक संरचना, स्वीकृत बल, उपलब्ध संसाधनों एवं कार्यक्षमता का समग्र चित्र प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज है। इसमें वर्ष 2025 के दौरान पुलिस संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण सांख्यिकीय जानकारियों को संकलित कर सुव्यवस्थित एवं सरल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तिका में 01 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक की अवधि के आंकड़ों को शामिल किया गया है। इसके नवीनतम संस्करण को अधिक उपयोगी, तथ्यपरक एवं व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से अनावश्यक एवं दोहराव वाले आंकड़ों को हटाकर महत्वपूर्ण जानकारियों को प्राथमिकता दी गई है।



साथ ही प्रोफाइल सूचनाओं को सरल एवं व्यवस्थित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित इकाइयों को आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध हो सकेगी।

पुस्तिका में समाहित प्रमुख सांख्यिकीय जानकारियां एवं महत्वपूर्ण तथ्य निम्नानुसार है

पुलिस बल के स्वीकृत पदों में 2,673 की वृद्धि

वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के स्वीकृत बल में कुल 2,673 नवीन पदों की वृद्धि हुई है। इनमें तकनीकी संवर्ग (एक्सएसएनए) के 1,288, पुलिस पैड के 952, होम गार्ड्स के 325 तथा सिविल बल उपलैन्स के 150 पद शामिल हैं।

प्रदेश में पुलिस थानों की संख्या बढ़कर 1,175 हुई

सर्किलों सहित पुलिस का विस्तृत संकलन मध्यप्रदेश पुलिस की सांख्यिकीय डायरी-25 में उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित व्यक्ति, आवासहीन सांख्यिकीय जानकारी, सिटी आयरनी से हल्का कर सकेंगे। यह सर्किलों सहित पुलिस केंद्रक आंकड़ों का उपलब्ध नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश पुलिस की संचालनात्मक क्षमता, संसाधन संरचना एवं विकास की दिशा को समझने का महत्वपूर्ण आधार है। इसमें संभ. हित तथा मीडियम सिलेंडर लेने उपलब्धियों के बेहतर दस्तावेज, आवश्यकताओं के आकलन तथा नीतियों के निर्धारण में उपयोगी सिद्ध होंगे। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संगठनात्मक सेवाओं, संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन तथा आधुनिक एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

आज से फिर शुरू होगी दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन यात्रा,

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन सर्वविज्ञान यात्रा पांच दिन के लंबे अंतराल के बाद बुधवार 11 नवंबर से फिर शुरू होगी। 20 अक्टूबर को उज्जैन में महाकाल दर्शन के साथ शुरू हुई यात्रा 5 नवंबर को तुना जिले के राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सिंहासन आश्रम में रुकी थी। अब यात्रा आरोन से आगे बढ़ेगी और मध्यप्रदेश के 5 जिलों की 16 से अधिक विधानसभा सीटों से गुजरेगी।

सिंहासन आश्रम के अनुसार, 12 नवंबर को अशोकनगर जिले के मंदरौदे से दिग्गी दरबाजा और हथाकरघा ग्राम ब्रजनगुर होते हुए यात्रा बेतवा नदी स्थित राजघाट बम पहुंचेगी। यहां से उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले में प्रवेश करेगी। पूर्व में 18 से 22 नवंबर तक यात्रा विश्रामन गांवों और कस्बों से गुजरेगी। 23 नवंबर को निवाड़ी जिले के मध्यप्रदेश में दोबारा प्रवेश कर 29 नवंबर को ओरछा स्थित श्रीरामराजा सरकार मंदिर में यात्रा का समापन होगा।यात्रा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी शामिल होने की जानकारी है। पूर्व में यात्रा के स्थानीय और वरिष्ठ नेता भी पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं। यात्रा के दौरान भोजन, नाश्ते और रात्रि विश्राम की व्यवस्था समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल पक्ष 02 - 2083 | सीहोर, दिन बुधवार 11, नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

वितरण योजनांतर्गत मेधावी छात्रा को मिली स्कूटी

सीहोर। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही निशुल्क स्कूटी वितरण योजना के तहत जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलझावन की छात्रा गरिमा रंजक को भी निशुल्क स्कूटी प्रदान की गई है। गरिमा ने अपने विद्यालय में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अभियान 13 नवम्बर को बुदनी में शिविर लगेगा

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत 13 नवम्बर को बुदनी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को

सीहोर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा 20 दिसंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। मंडल के सचिव दुर्गेश कुमार बैरा ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के संबंध में अलग से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होंगे।

जनसुनवाई रू जिले में सिर्फ चार आवेदक ही पहुंचे

सीहोर। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें जिलेभर से सिर्फ 4 आवेदक ही पहुंचे। जनसुनवाई में एसडीएम उमंग वर्मा, तहसीलदार अमित सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर किरण बरखडे सहित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सीआरएस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु का पंजीयन अनिवार्य

सीहोर। कलेक्टर बालमुरु के. ने जिले के नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों और चिकित्सा संस्थानों को जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीयन सीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। घटना के 21 दिनों के भीतर ऑनलाइन सूचना दर्ज कराना जरूरी होगा। निजी अस्पतालों में इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रभारी की होगी। गलत जानकारी देने या समय-सीमा का पालन नहीं करने पर जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिनियम की धारा 23 के तहत जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बारह खांबा मेले | देवपुरा के बारह खांबा मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पशुधन की सलामती के लिए हजारों लीटर दूध से किया देवशिला का अभिषेक, वर्षों पुरानी परंपरा निभाने पहुंचे पशुपालक

डीआर संवाददाता>>सीहोर

दीपावली से पूरे दिन पड़वा पर इछावर तहसील के ग्राम देवपुरा में परंपरागत बारह खांब मेले का आयोजन हुआ। पशुधन की सलामती और स्वस्थ रहने की कामना के साथ आयोजित इस मेले में मंगलवार को एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से पशुपालकों और ग्रामीणों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य भगवान पशुपतिनाथ की देवशिला पर हजारों लीटर दूध चढ़ाकर अभिषेक किया और परिवार तथा पशुधन की सुरक्षा की कामना की। मेले में जगन्नाथीय समुदाय के लोगों के साथ अन्य वर्गों के श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।





पशुओं के स्वास्थ

रहने की है मान्यता

बारह खांब मेले की सबसे खास परंपरा देवशिला पर दूध चढ़ाने की है। मान्यता है कि दीपावली पड़वा के दिन अपने पशुधन पशुओं का दूध देवशिला पर अर्पित करने से पशु सालभर स्वस्थ और रोगमुक्त रहते हैं। इसी आस्था के चलते पशुपालक दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। सुबह से शाम तक देवशिला पर दूध चढ़ाने का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालु अपने पशुधन की सुख और समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करते नजर आए।

लोककथा से जुड़ी है मेले की शुरुआत

देवपुरा में लगने वाले इस मेले का इतिहास वर्षों पुराना बताया जाता है। लोककथाओं के अनुसार प्राचीन समय में एक किसान के गाय लगातार बीमार पड़ते थे। एक दिन सपने में मिले संकेत के बाद उसने बारह खांबों के बीच स्थित देवशिला पर दीपावली पड़वा के दिन दूध चढ़ाने की सलाह दी। इसके बाद किसान ने गाय में यह परंपरा शुरू की और धीरे-धीरे यह आयोजन बड़े मेले के रूप में स्थापित हो गया। बारह छिद्र वाली यह बनी प्राचीन स्थान के कारण इसे बारह खंबा कहा जाता है।

प्रशासन ने की व्यवस्थाएं

मेले में धार्मिक आयोजन के साथ खरीदारी और मनोरंजन के लिए भी बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गई। मवेशियों, कच्ची और बुनाई से दुकानों में चरीतार्थ की तथा खुर्दा का कार्य किया। कलेक्टर शिवनारायण के मार्गदर्शन, पुलिस और राजस्व अधिकारी जी निगरानी में शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन हुआ। एसडीएम रश्मि मिश्र और जनपद पंचायत सीहोर सरपंची प्रतिनिधि सहित अधिकारी भी मौजूद रहे। मेले में श्रद्धालुओं और मवेशियों की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था की गई थी।

बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग,



डीआर संवाददाता>>सीहोर

सिकंदपुर निवासी अनुसूचित जाति की बुजुर्ग बसंती बाई पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को सपेरा समाज के लोग बड़ी संख्या में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। समाजजनों ने एसपी तरुण चौधरी के हाथ सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की।

इस दौरान घायल महिला की बहू पूजाबाई ने एसपी को घटना से जुड़े वीडियो भी दिखाए। उन्होंने बताया कि सुरेश वर्मा ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के सब्बल से उनकी सास बसंती बाई के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे जेठानी आशाबाई और जेठ सुदूल के साथ भी सिंह वर्मा और सुरेश वर्मा ने मारपीट की।

घायल बसंती बाई की गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीहोर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। फिलहाल उनका एलोपैथ्स अस्पताल के आईसीयू में उपचार जारी है। समाजजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। एसपी ने कोतवाली थाना पुलिस को मामले में आरोपियों को गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

जमीन विवाद के बीच माता-पिता और भाई लापता, बेटी ने जनसुनवाई में लगाई तलाश की गुहार

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भोपाल निवासी किरन बांगी ने जनसुनवाई में आवेदन देकर अपने माता-पिता और भाई की तलाश करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, उनके पिता सुरेश बांगी (47) मां सोनवती बांगी (42) और भाई राजेश बांगी (24) तीन नवंबर 2025 से ग्राम खाईखेड़ा स्थित जमीन से लापता हैं। तीनों 24 अक्टूबर से वहां रह रहे थे।

किरन ने आवेदन में बताया कि परिवार का उनके नाना डालचंद बांगी उर्फ डब्बू और मंडल के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उनके अनुसार, परिवार के लापता होने वाली रात नानी नाना भी मौके पर मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने आशंकापूर्ण स्थिति जताई है।



घटनाक्रम से जुड़े कुछ सोशिया पहलुओं का भी उल्लेख किया है।

उनका कहना है कि डालचंद बांगी उर्फ डब्बू और अन्य के खिलाफ पहले भी मारपीट और धमकी की शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। किरन ने पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर लापता परिवार की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि इसमें महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं।

किरन ने पुलिस और प्रशासन से घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच कराने, अपहरण हाल सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और तीनों की जल्द तलाश करने की मांग की है।

उन्होंने परिवार के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले में गंभीरता से जांच करने की गुहार लगाई है। फिलहाल शिकायत ने जनता दरबार में आरोपी और घटनाक्रम की वास्तविकता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

न्यू अथर्व फाउंडेशन ने जरूरतमंद परिवारों को बांटी राशन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

दीपावली का पर्व सिर्फ अपने घरों को रोशन करने का नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का भी संदेश देता है। इसी भावना को साकार करते हुए न्यू अथर्व फाउंडेशन सीहोर द्वारा दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें त्यौहार सामग्री भेंट की और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर फाउंडेशन के सुनील राय ने कहा कि दीपावली की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब समाज के जरूरतमंद लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए। किसी जरूरतमंद परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनके घर में त्योहार की खुशियां पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। संस्था का प्रयास है कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी परिवार दीपावली की खुशियों से वंचित न रहे।



उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। सहयोग की छोटी-सी पहल भी किसी परिवार के लिए बड़ी खुशी का कारण बन सकती है। फाउंडेशन भविष्य में भी सेवा और सहयोग के कार्य जारी रखेगा।

जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर कांग्रेस नेता खांगराले ने उठाए सवाल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश स्तरीय कांग्रेस संवादल नेता नरेंद्र खांगराले ने नाराजगी जताई है। मंगलवार सुबह अस्पताल का निरीक्षण कर उन्होंने मरीजों की समस्याओं को लेकर डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। खांगराले के अनुसार, महिला और पुरुष इंजेक्शन कक्ष में स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति के कारण गरीब मरीजों को जेबी कतरों से इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल के दवा वितरण केंद्र पर पेशाबकोजोल, एंटालोगाजोल सहित कई जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। उन्होंने कलेक्टर से खालपुर, शिविल सर्जन डॉ. पुके श्रीवास्तव और आरएमओ इलियास पुथा सहित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर कांग्रेस संवादल स्थानीय नागरिकों के साथ अस्पताल के सामने धरना-प्रदर्शन करेगा।



भाई दूज पर सीवन पुत्र टीम ने बहनों को दिया स्वच्छता का उपहार, चमका हाथी घाट

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भाई दूज के अवसर पर सीवन पुत्र टीम ने सीवन नदी संरक्षण का संदेश देते हुए बड़ियाखेड़ी स्थित हाथी घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। मंगलवार सुबह 9 बजे शुरू हुए अभियान में टीम के सदस्यों ने घाटों समेत कर गंदगी और मलबे से पटे घाट की सफाई की। यहां लंबे समय से पूजन सामग्री, देवी-देवताओं के चित्र, मूर्तियां, पॉलिथीन, फूल-मालाएं और अन्य अपशिष्ट जमा थे।



सुबोध राव, प्रवास यादव, अरविंद नागवंशे, प्रदीप चांदड़ा और मुरेंद्र सेंगर सहित टीम के सदस्य सफाई कार्य में जुटे। पहले घाट पर जमा मलबा और कचरा हटाया गया। इसके बाद सीवन बोट्स भूपेंद्र सेंगर नदी में उतरे और जलकुंभी के साथ जल प्रदूषण बढ़ाने वाले पौधों को बाहर निकाला। दोपहर तक घाट की स्थिति में काफी सुधार दिखाई देने लगा।

सीवन पुत्र प्रदीप चांदड़ा ने बताया कि करीब छह महीने पहले भी टीम ने इसी घाट की सफाई और जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया था, लेकिन कुछ समय बाद यहां फिर गंदगी जमा हो गई। टीम महिला घाट, गधर पुल घाट और छतरी घाट सहित नदी के विभिन्न स्थानों पर भी अभियान चला चुकी है।

अभियान के दौरान राजेश राय, प्रदीप राय, सन्नी राय, पवन पाटक, सुनील मेहता, शक्ति जायसवाल और आनंद राय सहित स्थानीय लोगों ने टीम के प्रयासों की सराहना की। अमदान करने वालों में गोपाल आर्य, श्याम विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह बिलारिया, दिनेश विनकर और मनीष मालवीय सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

खजाना पूजन | कुबेरेश्वरधाम में बाबा कुबेर भंडारी के समक्ष हुआ विशेष खजाना पूजन

श्रद्धालुओं की वितरित किया खजाना, आगामी दिनों में सजेगा भव्य अन्नकूट महोत्सव, 56 भोग से तैयार होगा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ सिवनालिया टेना स्थित कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व अत्यंत आस्था, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के अवसर पर पूरा धाम आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी, विद्युत झालरों और विशेष साज-सज्जा से जगमगाता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा कुबेर भंडारी के दर्शन कर विशेष खजाना पूजन में भाग लिया। श्रद्धालुओं को खजाना वितरित किया गया। आंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में लगातार पांच दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रवचन डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति और समस्त जीव-जंतुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। भगवान श्रीकृष्ण के संदेश के अनुसार इस दिन गोवंश की पूजा की जाती है।



मान्यता है कि गाय माता के शरीर में समस्त देवी-देवताओं का वास माना गया है। गौ माता की सेवा और पूजन से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी माना गया है। जिस प्रकार माँ लक्ष्मी सुख-समृद्धि प्रदान करती है, उसी प्रकार गौ माता अपने दूध के माध्यम से मानव जीवन को स्वास्थ्य रूपी धन देती हैं। इसलिए गौ माता संपूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय हैं। गौ माता के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दौरान कुबेरेश्वर सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ल सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं को खजाना वितरित किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

अन्नकूट महोत्सव में 56 भोग से तैयार होगा विशेष छप्पन भोग का स्वरूप

पंडितेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में आगामी दिनों में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पुष्पधाम की डालका सजाई जाएगी। अन्नकूट दर्शन के बाद ही भक्त एवं गोवर्धनधारी जी की आरती होगी और श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की जाएगी। दीपोत्सव के पश्चात प्रतिवर्ष कुबेरेश्वरधाम में यह भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

आयोजन की तैयारियां पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान समिति की महिला सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा गो पूजन, आकर्षक रंगोली और सजावट की जाएगी। अन्नकूट दर्शन के बाद गौ माता एवं गोवर्धनधारी जी की आरती होगी और श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की जाएगी। दीपोत्सव के पश्चात प्रतिवर्ष कुबेरेश्वरधाम में यह भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित



डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 04 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, वीपीएच कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, रन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार अमित सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर किरण बरखडे सहित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

खेड़ापति हनुमान मंदिर में हुआ सुंदरकांड

बिलकिसगंज। ग्राम गादेया के खेड़ापति हनुमान मंदिर में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश सुरेंद्र सिंह सेंगर ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। सुबह शुरू हुए कार्यक्रम का दोपहर में विधि-विधान से समापन हुआ। सुंदरकांड मंडली ने संगीतमय पाठ के साथ भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कलेक्टर ने क्षेत्र के कई सरपंच और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रमेश सुरेंद्र सिंह सेंगर ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए भगवान हनुमान से सभी के कल्याण की प्रार्थना की। पाठ के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

घरों के आंगन में गोबर से बनाई गोवर्धन महाराज की प्रतिमा, पकवानों का लगाया भोग

भैरूंदा। दीपावली के दूसरे दिन भैरूंदा में गोवर्धन पूजा पर घरों से लेकर मंदिरों तक आस्था का सैलाब रहा। महिलाओं ने घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई और खूबों से अलंकार सजाकर पूजा विधि-विधान से पूजा की। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज को पूरी, सब्जी, खीर व विभिन्न पकवानों का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गोबर में कई स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन भी हुए। इसमें पकवान को विभिन्न व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

विश्वकर्मा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, समाजजनों ने साथ बैठकर ग्रहण की प्रसादी

भैरूंदा। जागिड़ विश्वकर्मा समाज तहसील इकाई भैरूंदा के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की। इसके बाद अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हुआ। समाज के प्रदेश संरक्षक एवं सीहोर जिला अध्यक्ष मिलीलाल विश्वकर्मा ने बताया कि समाजजनों के सामूहिक सहयोग से यह महोत्सव पिछले कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक परंपराओं को जीवित रखने के साथ समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना मजबूत करना है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ संरक्षक डॉ

खंगराले के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल का प्रतिनिधिमंडल मिला

सीहोर। जिला कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ नेता एवं दलित चिंतक सतीश खंगराले जादव के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव से मुलाकात की। इस दौरान नवीन प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर हर्ष जताया। साथ ही कुछ नियुक्तियों पर पुनर्विचार कर योग्य कार्यकर्ताओं को पदोन्नति देने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

टीएल बैठक फसलों की लागत एवं किसानों की आवश्यकता के अनुसार केसीसी ऋण सीमा तय करने पर दिया जोर

खरीफ-रबी फसलों सहित उद्यानिकी एवं सहायक कृषि गतिविधियों के वर्ष 2027-28 के प्रस्तावित

डीआर संवाददाता>>सीहोर



जिले के किसानों को समय पर कृषि ऋण, खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा कृषि संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री चालगुले के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर के अंतर्गत खरीफ एवं रबी फसलों के अल्पकालीन निर्बाधन, कृषि मित्र योजना, नवचार्ड प्रकाश तथा रबी सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारिता, कृषि, नाबार्ड, पशुपालन, मात्स्य पालन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्ष 2027-28 के प्रस्तावित फसल ऋणमान पर हुई चर्चा

बैठक में खरीफ एवं रबी फसलों की उत्पादन लागत, ब्याज, शुद्ध लाभ तथा प्रति हेक्टेयर ऋण आवश्यकता संबंधी की समीक्षा की गई। साथ ही वर्ष 2027-28 के लिए प्रस्तावित फसल ऋणमान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऋणमान का निर्धारित वास्तविक कृषि लागत और किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यथार्थवादी के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि फसल ऋण वितरण का समय अवश्यकी तिथि एवं अधिकतम ऋण सीमा सिलसिले के हितों के अनुरूप निर्धारित की जाए, ताकि किसानों को खेती के लिए समय पर पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल सके।

उद्यानिकी एवं सहायक कृषि गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

बैठक में पार्थेनियम होती के साथ उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने के लिए सारा-सब्जी, फल एवं औषधीय फसलों की उत्पादन लागत और प्रस्तावित ऋणमान पर चर्चा की गई। इसके साथ ही एकीकृत एवं समन्वय पालन गतिविधियों के लिए आवश्यक कार्यशील पूंजी और इकाई लागत पर अनुमोदित किया गया। किसानों की आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित करने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन, लाख एवं देशज उत्पादन जैसी सहायक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं लागू करने पर भी विचार किया गया। कलेक्टर ने वर्ष 2026-27 के लिए कृषि निवेश को लागत नाबार्ड की क्रेडिटेड पूंजिगत योजना के अनुपात लागू करने के निर्देश दिए।

नवचार्ड जलाने पर रोक के लिए चलाई जागरूकता अभियान

कलेक्टर ने नवचार्ड प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए कि फसल कटाई के बाद खेतों में नवचार्ड जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए। किसानों को नवचार्ड उपलब्ध से पहले की तरीकों की जानकारी दी जाए, साथ ही प्रदूषण और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने नवचार्ड के उचित प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों एवं तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। सभा ही नवचार्ड जलाने की घटनाओं की सख्त निगरानी कर नियन्त्रणात्मक कार्यवाई सुनिश्चित करने को कहा।

खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की करें सतत निगरानी

कलेक्टर ने रबी सीजन के लिए खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उनकी मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद एवं प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए तथा वितरण की सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने खाद-बीज की कालाबाजारी, जमाखोरी और निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और जरूरी सभी चार किसान हितैषी सहायता एवं कृषि संबंधी सुविधाओं से वंचित न रहे।

बैठक में डीडीएम नाबार्ड अौजपत्री पौराहा, सहकारी समिति उपनिबंधक सुधीर लोधाखाल, एसडीएम पशुपालन डॉ. नीलेश देसाई, उपसंचालक कृषि अतीश दुबार उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक से प्रभारी प्रमोद सोलंकी, एलडीएम कृषक सावधान गौर और सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

15 दिन में सिर्फ चार दिन मिली बिजली, किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी



डीआर संवाददाता>>आष्टा

खासदेव विद्युत सब स्टेशन से जुड़े गांवों में अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कलेक्ट के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा।

भाजपा कार्यकर्ता अल्पसंख्यक मोर्चा सिंह मेमदाबोहरी ने आरोप लगाया कि पिछले 15 दिनों में खासदेव सब स्टेशन क्षेत्र में केवल चार दिन ही नियमित बिजली मिली है। किसान रात-रात बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है।

सागरोदी और मेमदाबोदी के किसानों ने बताया कि क्षेत्र की खेती पार्वती नदी के पानी पर निर्भर है। नदी में भी सीमित पानी बचा है, लेकिन बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसान अब एक फसली को पहला पानी तक नहीं दे पाए हैं।

किसानों ने अघोषित कटौती बंद करने, नियमित बिजली आपूर्ति और जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। अधिकारियों ने व्यवस्था जल्द सुधारने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कमलकिशोर चौहान सहित कांग्रेस पदाधिकारी और आसपास के गांवों के किसान मौजूद रहे।

तीन जैन मंदिरों में गूंजा महावीर निर्वाण का जयघोष,

डीआर संवाददाता>>आष्टा।



भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक और गौतम स्वामी के केवलज्ञान कल्याणक पर मंगलवार को आष्टा में लाडू महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। श्री सोनागर जैन श्वेतांबर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने शहर के तीन प्रमुख जैन आस्थान स्थलों पर निर्वाण लाडू अर्पित किए।

श्रद्धालुओं के लिए विशेषित पन्यास प्रवर संयोजित वित्तय महाराज और वीरलेख विजय महाराज की निश्रा में धार्मिक आयोजन हुए। सुबह जिला मंदिर से मंगल विहार हुए मुनिराज गंज स्थित महावीर स्वामी जैन मंदिर पहुंचे। यहां निर्वाण लाडू अर्पित करने के लिए बोलियां लगाई गईं। मुनिराज ने भगवान महावीर के निर्वाण और गौतम स्वामी के केवलज्ञान प्राप्ति पर महत्व बताया। यही महान दिवस तीर्थ पर 14 दिसंबर तक 5 दिवसीय उत्थान तप आराधना जारी रहेगी।

आष्टा में गोवर्धन पूजा, मेहतवाड़ा में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

डीआर संवाददाता>>आष्टा



गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को आष्टा क्षेत्र की परंपराओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मेहतवाड़ा में पारंपरिक दंगल आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के गांवों और शहर के विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने हिस्सा लेकर कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए। बड़ी संख्या में दर्शक मौके पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद पहलवानों के बीच मुकाबले शुरू हुए। दंगल में युवा और अनुभवी दोनों वर्ग के पहलवानों ने अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। कई मुकाबलों में दर्शकों की तालियों और हौसला अफजाई के बीच पहलवानों ने एक-दूसरे को चित करने की कोशिश की। आयोजन समिति के अनुसार विजेता पहलवानों को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी उदय आदरे भोंसाला ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की ओर से लक्ष्मीबाई ने गौमाता का तिलक लगाकर पूजन किया और गुड़-घुड़ी खिलाई। इस दौरान विधायक भी मौजूद रहे।

क्षेत्र की पंचायत स्तरीय गौशालाओं में गोवर्धन पर्वत और गौमाता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। भारतीय संस्कृति रामराज में ग्रेस, राष्ट्रभाव और एकता को मजबूत करती है। इस आयोजन पर पशुपालन विभाग के डॉ. मिनेश सुरत्ने सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

आज सीहोर बाइज-आरएसआई के बीच होगा फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल

डीआर संवाददाता>>सीहोर



जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सीनियर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब रोमांचक दौर में पहुंच गई है। प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को दोपहर 3 बजे शहर के चर्च मैदान पर पहला सेमीफाइनल मुकाबला सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य खेला जाएगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला इछावर और आष्टा की टीमों के बीच आयोजित होगा। इधर, खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी, टेक्निकल ऑफिशियल्स और खिलाड़ी लगातार मैदान पर सक्रिय बने हुए हैं।

वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण देकर तराश रहे खिलाड़ी

जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अन्नय उपाध्याय के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। सिविर में खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों, तकनीक और बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक जानकारी कराया जा रहा है।

आग से तीन परिवारों का 20 टॉली भूसा और

डीआर संवाददाता>>सीहोर



इछावर तहसील के अमुलिया हटी सिंह गांव में आग लगने से तीन ग्रामीण परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। आग की घटना में आसपास के मोजाजाज, दिलीप और महेश के यहां रखा करीब 20 ट्रॉली भूसा, कृषि उपकरण और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, तीनों परिवारों को 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

आग लगी से चौलने के कारण ग्रामीणों को सामान सुरक्षित निकालने का मौका नहीं मिला। घटना में एक गाय और एक गैस के ग्रामीण होने की जानकारी भी सामने आई है। मूसा जलने से पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है। क्षिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। ग्रभावित परिवारों ने राजस्व विभाग के सर्वे का हवाला दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर नियमानुसार सुआवजा और राहत उपलब्ध कराने की मांग की है।

बधाई दीपावली पर बाजार में निकले नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, दुकानदारों, व्यापारियों और आम नागरिकों के बीच पहुंचकर बांटी दीपावली की खुशियां,

डीआर संवाददाता>>सीहोर



दीपावली के पावन पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा की। दीपावली के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर पूरे शहर के बाजारों में निकले और विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों, व्यापारियों, दुकानदारों, छोटे व्यवसायियों एवं आम नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बाजार में जगह-जगह लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रिंस राठौर ने दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और दीपावली के इस पावन अवसर पर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और रोशनी का पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और खुशियां बांटने का त्योहार है। सीहोर मेरा परिवार है और शहर का प्रत्येक नागरिक मेरे परिवार का हिस्सा है। मेरा प्रयास रहता है कि हर त्योहार पर शहरवासियों के बीच पहुंचकर उनकी खुशियों में शामिल होऊं। शहर के व्यापारी, छोटे दुकानदार, दुकानदार व्यवसायी और मेहनतकश लोग शहर की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। व्यापारों की रौनक इन्हीं लोगों की मेहनत से बाजारों में दिखाई देती है। नगर पालिका का प्रयास है कि व्यापारों के अलावा पर व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी लोग हर्षोल्लास के साथ अपना त्योहार मना सकें।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने का वास्तविक उद्देश्य जनता के बीच रहना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना और शहर के प्रत्येक नागरिक से आत्मीय संबंध बनाए रखना है। पद और जिम्मेदारी तभी सार्थक है, जब आम नागरिक स्वयं को अपने जनप्रतिनिधि के करीब महसूस करे। नगराध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सभी शहरवासियों से दीपावली का पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा सभी परिवारों पर बनी रहे और सीहोर शहर निरंतर विकास, खुशहाली एवं समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

25 अधिकारी-कर्मचारी भोपाल में लेंगे तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता>>सीहोर

राजा अनंत संस्थान द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय आवासीय 'आनंदम सहयोगी' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 से 18 नवंबर तक क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र (ट्रेटीसी), गौलबड़, भोपाल में होगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्री चालगुले के. ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किये हैं कि प्रशिक्षण के लिए सीहोर से कुल 25 प्रतिभागियों का नामांकन किया जाएगा। इसमें राम सफाया सोंधिया, राजस्व सहायक, पटवारी, नगरीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त जनसंपर्क एवं सेवा प्रदाय से सीधे जुड़े अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी शामिल किया जा सकता है।

प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों में आनंद की अनुभूति कराना तथा जीवन जीने की कला और कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर रहेगी।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक शुक्ल पक्ष-02 -2083 विदिशा,दिन,बुधवार ,दिनांक 11 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

तीन प्रकरणो में नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। पुलिस अधिक्षक श्री तोमिर पराशरी के द्वारा थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 683/2026 की विभिन्न धाराओं के तहत तीन आरोपी बलमीदर तंवर उर्फ बल्ला, वीरान तंवर, राकेश तंवर निवासी झालावाड़ तथा अपराध क्रमांक 683/2026 के दो फरार आरोपी राघवेंद्र तंवर, ओमप्रकाश तंवर निवासी झालावाड़ (राजस्थान) और अपराध क्रमांक 482/2025 की विभिन्न धाराओं के फरार चार आरोपी भरत भोई, मगनलाल, अशोक विश्नोई, लाईराम विश्नोई निवासी राजस्थान की सूचना देने वाले को तीनों प्रकरणो में क्रमशः पांच-पांच हजार रुपए नगद (कुल पंद्रह हजार रुपए) नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा।

आज नंदी में नीलामी का बदला रहेगा समय

विदिशा। कृषि उपज मंडी में आज मूहूर्त की खरीदी की जाएगी। इसलिए आज कुरवाई की मंडी में नीलामी का समय परिवर्तित किया गया है। अनाज निलहन व्यापार उत्पादन कल्याण सिंह जे अध्यक्ष वार्ष्णेय माहेश्वरी ने बताया कि सुबह 10:30 से 11 बजे तक हल्के ठेले एवं ट्रक्टर नीलामी होगी। इसके बाद सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक मैदू, दलहन, तिलहन एवं थान सहित सभी जिन्सों की ट्रॉलियों की नीलामी की जाएगी। दोपहर 12:30 से 2 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। इसके बाद नीलामी का समय पूर्व की भांति यथावत रहेगा। यह व्यवस्था केवल 11 नवंबर के लिए लागू रहेगी। दीपावली के बाद मंडी के व्यापारी हर साल मूहूर्त की खरीदी करते आ रहे हैं।

संत गाडगे बाबा की प्रतिमा स्थापना के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

विदिशा। रक्षक मालवीय समाज के सदस्यों ने आज डिसेमणि संत गाडगे बाबा की प्रतिमा स्थापित करने और समाज के लिए धर्मशाला निर्माण कराने की मांग को लेकर विधायक मुकेश टंडन को ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने कहा कि संत गाडगे बाबा के विचारों और उनके सामाजिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनकी प्रतिमा स्थापित की जाना आवश्यक है। साथ ही समाज की सामाजिक गतिविधियों के लिए धर्मशाला निर्माण की मांग भी रखी। इस दौरान जिला अध्यक्ष बाबू मालवीय, सौरव मालवीय, उदेश्य मालवीय, गोपाल रायक, आशोक मालवीय, सुनील मालवीय, संतोष मालवीय और स्थानीय रक्षक समिति समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन

शनकाबाद। ग्राम पंचायत जंगरवाड़ा स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में रोचक पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन महाराज का विधि-विधान से पूजन किया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी और वरिष्ठ पत्रकार ईश्वरी भार्गव शामिल हुए। उन्होंने पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश मेहर, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह भाकड़, जुगल भीकरे, दीपक मेहर, पंचम सिंह किनार सहित बड़ी संख्या में शामिल मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से गौसेवा, संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

जमीन विवाद में युवक की मौत, परिजनों ने ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश का लगाया आरोप

खेत में बोवनी के दौरान दोनों पक्षों में हुआ विवादय मारपीटमें 40 वर्षीय रघुवंशी की गई जान

ईजाज संवाददाता ✍ विदिशा।



जिले के म्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नागौस में जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। खेत में बोवनी के दौरान एक ही परिवार के लोगों के बीच हुए विवाद में 40 वर्षीय नीलेश रघुवंशी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक के परिजनों ने आरोप है कि रिश्तेदारों पर गालीगंज करने और ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नीलेश रघुवंशी अपने भतीजे हर्ष के साथ खेत में बोवनी का काम कर रहे थे। इसी दौरान परिवार के ही कुछ लोग दो ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंच गए। यहां जमीन के बंटवारे और स्थानीय रास्ते को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

परिजनों का आरोप है कि रिश्तेदारों ने नीलेश के साथ मारपीट की, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।

घटना के बाद घायल नीलेश को तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को उनका पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश का आरोप

मृतक के भतीजे हर्ष ने आरोप लगाया कि रिश्तेदार ही उसके चाचा नीलेश के साथ मारपीट की, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।

घटना के बाद घायल नीलेश को तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को उनका पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश

हर्ष के अनुसार, आरोपियों ने एकदो बड़े ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचे। उसके चाचा नीलेश और वह खेत की ओर भी ट्रैक्टर बढ़ाकर कीचे उन्हें कुचलने की कोशिश की। हालांकि, सामने दूसरा ट्रैक्टर आ जाने के कारण वे बच गए।

हर्ष के अनुसार, आरोपियों ने एकदो बड़े ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचे। उसके चाचा नीलेश और वह खेत की ओर भी ट्रैक्टर बढ़ा दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रैक्टर नहीं रुकता तो परिवार के अन्य सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो सकते थे। फिलहाल इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है।

एक साल पहले समाज ने कराया था समझौता

परिजनों ने बताया कि जमीन को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच पिछले साल भी विवाद हुआ था। उस समय समाज के लोगों ने हस्तक्षेप किया था और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया था। हालांकि, इसके बावजूद जमीन को लेकर विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ और एक बार फिर खेत में बोवनी के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस बार विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति की जान चली गई। पुलिस कर रही दोनों पक्षों की जांच

एसपी रोहिता काशवानी ने बताया कि म्यारसपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद की भी जांच की जा रही है। घटना के संबंध में सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ और घटना के दौरान वास्तव में क्या हुआ था।

सिरोंज में दिलावर और कान्हा के बीच 3 मिनट तक हुई टक्कर, टक्कर बराबर का रहा



ईजाज संवाददाता ✍ सिरोंज।

शहर में सोमवार के बाद मंगलवार को भी पारंपरिक पाड़ों की लड़ाई का उत्साह देखने को मिला। मंगलवार जो शहर में दो स्थानों पर पाड़ों के भुकाबले हुए। पहला मुकाबला भोपाल रोड पर महामई मंदिर गेट के पास पेट्रोल पंप के सामीप हुआ। यहां पाड़ों क्रमांक 2 निवासी जगदीश बादव के पाड़ो दिलावर और कान्हा के बीच भिड़ाए हुई।

मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पहले घाटी के नीचे स्थित स्टेडियम में पहुंचे तो दर्शक भी वहां जमा हो गए। लगभग तीन मिनट तक चले मुकाबले में दोनों पाड़े एक-दूसरे के सामने डटे रहे। इसके बाद दोनों विपरीत दिशाओं में भागे तो आसपास खड़े लोगों ने भी जमकर तालियां बजाईं। इस दौरान कान्हा पाड़ा कुछ पीछे नजर आए। आयोजक परिवार के सदस्यों ने दोनों पाड़ों को पकड़ने का प्रयास किया। मुकाबला बराबरी पर समाप्त होने के बाद ढोल के साथ दोनों पाड़ों का जुलूस निकाला गया।

धानखेड़ी में भी हुआ मुकाबला

धानखेड़ी रोड में भी पारंपरिक पाड़ों की लड़ाई आयोजित हुई, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यहां भी मुकाबला बराबरी पर छूटा। सोमवार को शहर में तीन स्थानों पर ऐसे मुकाबले हुए थे। विजेता को गौड़ परिवार के मनोज गौड़ ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मंगलवार को इन मुकाबलों के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब में रहे।

तीन महीने से अटकी 50 हजार की एफडी राशि मिली, माखन धानक ने प्रशासन का जताया आभार

ईजाज संवाददाता ✍ गंजबासौदा

जनसुनवाई में महुखी शिकायत का जिला प्रशासन ने त्वरित निराकरण कर हितग्राही को राहत दिलाई। ग्राम बेसीपुर निवासी माखन धानक को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत स्वीकृत 50 हजार रुपए की सहायता राशि एफडी के माध्यम से दी गई थी, लेकिन दस्तावेजों में उनके पिता का नाम गलत दर्ज होने के कारण एफडी की अवधि पूरी होने के बाद भी वैध राशि का भुगतान नहीं कर पा रहा था। इससे हितग्राही करीब तीन महीने से परेशान थे।

माखन धानक ने इस संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर राशि दिलाने की मांग की थी। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लीड बैंक अधिकारी के माध्यम से समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

प्रशासन की पहल के बाद एफडी की पूरी 50 हजार रुपए की राशि हितग्राही के बैंक खाते में जमा करा दी गई। भुगतान मिलने के बाद माखन धानक ने अपनी शिकायत वापस लेते हुए लिखित रूप से इसकी पुष्टि की। उन्होंने समय पर समाधान कराने और सहायता राशि दिलाने के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई में 40 आवेदन मिले, 22 का मौके पर निराकरण, कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

ईजाज संवाददाता ✍ विदिशा



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में संचालित आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर 40 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आवेदकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में से 22 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में करैयाखेड़ा निवासी रानी अहिरवार ने पति की मृत्यु के बाद बच्चों के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता मांगी। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वरोजगारयोजना के तहत सहायता दिलाने के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं सगवाकलां के ग्राम पटना निवासी वजेंद्र सिंह यादव और ग्राम बरखई निवासी मीना बाई ने अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने पीएम किसान सम्मान निधि, निमतरा बाई बादव ने पीएम आवास योजना के तहत मकान निर्माण की राशि और सौरभ मेहिदा ने पीएम आवास की स्वीकृत नहीं होने की समस्या उठाई। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय-सीमा में दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सुरभि तिवारी, एसडीएम कपिल कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी विकासखंडों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

विदिशा। कन्या विदिशा मुख्यमंत्री विवाहप्रोत्साहन योजना के तहत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 नवंबर को जनपद पंचायत लटेरी में आयोजित होगा। इसमें न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों के विवाह की व्यवस्था रहेगी। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक पात्र वर-वधू 16 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकते। योजना का लाभ बीपीएल परिवारों की पात्र कन्याओं को मिलेगा। इसके लिए आधार ई-केवाईसी और बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा।

धरेंद्र शास्त्री के समर्थन में उतरा शिष्य मंडल, मुख्यमंत्री-राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

ईजाज संवाददाता ✍ विदिशा



सागेश्वर धाम शिष्य मंडल की जिला इकाई ने नगरपालिका को संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सम्मान में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मंडल ने शास्त्री के खिलाफ हवनकाली थाने और रायपाल पर्व एवं धार्मिक परंपराओं पर अपमानित टिप्पणियां करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिष्य मंडल के पदाधिकारियों ने कहना है कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रयास से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के एक वचन से नशा अर्थ लिक्वलर ठेका खत्म किया जा रहा है। उनके अनुसार, शास्त्री अपने अभियान को लेकर सनातनी पैदा हुए हैं, इससे सनातन एकता को बढ़ावा मिल रहा है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे श्रीराम कथाकार शास्त्री ने कहा कि व

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

कार्तिक शुक्ल पक्ष-02 -2083

विदिशा,दिन बुधवार दिनांक 11 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 11 नवम्बर को

राजगढ़। जनजातीय (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1995 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 11 नवम्बर 2026 को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सौरभ विक्रम एवं सेजस्पार श्री नीलम टेटवाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग द्वारा उक्त बैठक में सभी को नियम समय एवं तिथि पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

एससी-एसटी अत्याचार मामलों की समीक्षा आज

राजगढ़। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक बुधवार यानी आज होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलम टेटवाल करेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 1 बजे होने वाली बैठक में अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा की जाएगी

प्रतिबंधित पोटाश गन चलाने से बालक घायल

राजगढ़। कुरवाई दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान शासन द्वारा प्रतिबंधित पोटाश गन चलाना एक 15 वर्षीय बालक के लिए भारी पड़ गया। नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित गुरु बाजार में कार्बाइड गन चलाने के दौरान हुए हादसे में आकाश पिता दिनेश रावैर (15) घायल हो गया। उसके अंगूठे में गंभीर चोट आई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए भोपाल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। फिलहार इस मामले में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा था। पूजन-अर्चन के बाद आतिशबाजी का दौर चल रहा था। इसी दौरान प्रतिबंधित पोटाश गन चलाते समय दुसरी बार में हादसा हो गया।

खेड़ापति हनुमान मंदिर में 15 को अन्नकूट महोत्सव

राजगढ़। नगर के प्रमुख आस्था केंद्र खेड़ापति हनुमान मंदिर में इस साल भी अन्नकूट महोत्सव होगा। मंदिर समिति ने बताया कि आयोजन रविवार, 15 नवंबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी पर होगा। श्रद्धालुओं को शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। मंदिर के पुजारी पवन पारीक के मुताबिक, 15 नवंबर को सुबह देवी-देवताओं का विधिवत पूजन होगा। दिव्य शृंगार किया जाएगा।

गोवर्धन पूजा पर गौशालाओं में हुए आयोजन, सांसद नागर और विधायक यादव ने की गौसेवा

सांवलिया गौशाला में भूसा शेड का किया लोकार्पण, सारंगपुर में गौमाता का पूजन की कामना की

डीआर संवाददाता ✍ खुजनेर/सारंगपुर।



दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए गए। इस दौरान गौशालाओं में भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गौमाता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गौसेवा का संदेश दिया गया। खुजनेर की सांवलिया गौशाला में सांसद रोडमल नागर और राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने पहुंचकर गौसेवा की। वहीं सारंगपुर स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गौमाता का पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और सुशासनकी की कामना की।

सांवलिया गौशाला में भूसा शेड का लोकार्पण

खुजनेर की सांवलिया गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव और पूर्व मंत्री जिलापंचा केदारनाथ काका विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने गौशाला में संचालित सेवाकार्यों की सराहना करते हुए श्री पि गौवंश का संरक्षण और उनकी देखभाल समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गौसेवा से कार्यों में अधिक से अधिक लोगों को सहयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर जिला सिंह उटेल, मंडीकलां सोहिया, गाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रानी, नगर परिषद उपाध्यक्ष बाबूलाल खुशवाह, पार्षद कमल यादव, मुकेश शर्मा, लोकेंद्र यादव, रामेश्वरम गुप्ता, पेन राजपूत सहित गौशाला समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में गौसेवक मौजूद रहे। मंत्री टेटवाल ने भी गौमाता की आरती उतारी।

इधर, सारंगपुर स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला में गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भगवान श्रीकृष्ण का जलाभिषेक किया। उन्होंने गौमाता की आरती उतारकर देश और प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान गौशाला के गुरु फलाहार महाराज सहित बड़ी संख्या में गौसेवक और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गोवंश पूजा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की अंगुली पर धारण कर प्रकृति, पर्वत, जल, जंगलऔर और गौवंश के संरक्षण का संदेश दिया था। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सभी जीवों के प्रति करुणा रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और समाज परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण का गोपाल स्वरूप हमें गौसेवा और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

मंदिर में प्रसाद खाने से 14 लोग बीमार, 11 बच्चे और 3 महिलाएं

खानपुरा गांव में भाईदूज पर चढ़ाया गया था दही-नारियल का प्रसाद, उल्टियां शुरू



डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

ब्यावर थाना क्षेत्र के खानपुरा गांव स्थित रामदेव मंदिर में भाईदूज के अवसर पर चढ़ाए गए दही-नारियल के प्रसाद को खाने से 11 बच्चों और 3 महिलाओं सहित 14 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टियां होने पर ब्यावरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी की हालत ठीक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने मंदिर में दही और नारियल का प्रसाद चढ़ाया था। इसके बाद मंदिर के बाहर बैठे बच्चों और ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर में प्रसाद खाने वाले लोगों को उल्टियां होने लगीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाया। पहले तीन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में सभी 14 लोगों को सिविल अस्पताल ब्यावर शिफ्ट किया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खानपुरा पहुंची। टीम ने दही के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता पर सवाल

घटना के बाद तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी, थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, गलवर थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा और देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट अस्पताल पहुंचे। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की नियमित सैंपलिंग और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि त्योहार अवसर लोहारों या खाद्य पदार्थों से जुड़ी घटनाओं के बाद ही सक्रिय दिखाई देता है।

तंवरवाड़ क्षेत्र में बिजली-पानी संकट, ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



तलरवाड़ क्षेत्र के गांवों में बिजली और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण मंगलवार को सड़क पर उतर आए। करीब 15-20 गांवों के लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक हेमराज कल्याणी भी ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा।

करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद डिप्टी कलेक्टर त्रिधि भारद्वाज मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोहनपुरा डेम और बिजली कंपनी से अधिकारियों से ग्रामीणों की बात कराई। अधिकारियों ने तीन दिन में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

नया विद्युत उपकेंद्र बनाने की मांग

दूसरी ओर दूई विधायक बाबू सिंह ठाकर ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक से मुलाकात कर ग्राम पंच में नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के लिए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि करीब 100 गांव खराबा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हैं। आवश्यक लोड के कारण वंद, खेरेखेड़ी, बोदरा श्रीजी सहित लगभग 50 गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के सोयदा भीली, बेदर, बरखेखुर्द, अंतरलेप, कलीखेड़ा, रोहड़िया, अंतरपुर, दुर्गपुरा और रूपनीपुरा सहित आसपास के गांवों में पिछले 15-20 दिनों से बिजली और सिंचाई के पानी की समस्या बनी हुई है।

मंदिर के पास कुएं में मिला मगरमच्छ का बच्चा, 4 घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर।



बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम सोंधरा में शंकरजी मंदिर के पास बने कुएं में मगरमच्छ का बच्चा गिरने से ग्रामीणों ने हलचल मच गई। सोमवार रात कुएं में मगरमच्छ दिखाई दिया था। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर वन विभाग के बीट गार्ड अजाहर खान भी मौके पर पहुंचे। बाद में ग्रामीण विशाल और रघुवीर ने प्लास्टिक की खाली की नदद से मगरमच्छ के बच्चे को बाहर निकाला। सूचना पर वन विभाग के बीट गार्ड अजाहर खान भी मौके पर पहुंचे। बाद में उन्होंने मगरमच्छ को कैथन नदी में सुरक्षित छोड़ दिया।

बीट गार्ड के अनुसार, कुएं से कैथन नदी की दूरी करीब ढाई किलोमीटर है। नदी से गांव तक भूमिगत नहर और आसपास खान के खेत होने के कारण मगरमच्छ के बच्चे के वहां पहुंचने की आशंका है। उसकी लंबाई करीब 15 से 20 दिन और लंबाई डेढ़ फीट बताई गई है। क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में कई स्थानों पर मगरमच्छ और उनके बच्चे मिल चुके हैं।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर जिला प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई बैंक में जमा पेंशन राशि दिलाने के लिए संबंधित को दिए निर्देश,

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

कलेक्टर डॉ. निशीथ कुमार सिंहा के निर्देशन में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम हिरणखेड़ी, निवासी श्रीमती भूली बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पति स्व. शुभू के पंचायत बैंक में जमा पेंशन की राशि उन्हें प्राप्त नहीं हो पा रही है। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इंकिता पड़ताने ने आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि आवेदिका के पति को प्रतिमाह 600 रुपये पेंशन प्राप्त होती थी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गड़पाले द्वारा इस पर मृत्यु के पश्चात बुनतान हुई पेंशन की राशि शासन को पुनः वेषित कराने तथा फूयु से चूई बैंक खाते में जमा शेष राशि आवेदिका को उपलब्ध खाते के संबंध में आवश्यक पत्र जारी किया गया। मात्र ही संबंधित बैंक को आवेदिका के पति को प्रतिमाह 600 रुपये पेंशन प्राप्त होती थी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गड़पाले द्वारा इस पर मृत्यु के पश्चात बुनतान हुई पेंशन की राशि शासन को पुनः वेषित कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई होने से आवेदिका ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

शहर में मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही का मामला सामने आया है

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।



"सारंगपुर।" शहर में मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही का मामला सामने आया है। स्थानीय गवर्नमेंट कॉलेज के पीछे और क्लिनिक अस्पताल के पास खुले स्थान पर पैथोलॉजी लैब से निकलने वाला जैव चिकित्सा कचरा फेंका जा रहा है। यह इंफेक्शन रिस्क पैदा कर सकता है। खतरनाक सिरिंज, ग्लव्स, टेस्ट ट्यूब, ब्लीडिंग और अन्य मेडिकल वेस्ट का ढेर लगा हुआ है। इससे आसपास के रहवासियों और राहगीरों के स्वास्थ्य पर संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

नियमानुसार पैथोलॉजी लैब से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट को सामान्य कचरे से अलग रखकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट करना अनिवार्य है। इसके बावजूद खुले में मेडिकल वेस्ट फेंके जाने से स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

खुले में पड़े इस कचरे के संपर्क में बच्चे, आवारा पशु और राहगीर आ सकते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका है।

मामले में वार्ड क्रमांक 14 पार्षद नीलम पाटीदार ने कहा कि खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकना गलत है। इसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अब स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मेडिकल वेस्ट किस लैब से फेंका जा रहा है।

विस्फोट पोटाश गन के धमाके में 15 वर्षीय बालक का अंगूठा उड़ा, दो आरोपियों पर केस दर्ज

दीपावली की रात हुआ था हादसा, जांच के लिए थाने लाए गए थे चार युवक्य दो अलग-अलग मामलों में 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त

डीआर संवाददाता ✍ कुरवाई।



दीपावली की रात देसी पोटाश गन में पोटाश भरते समय विस्फोट से 15 वर्षीय बालक का अंगूठा अलग होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दो अलग-अलग मामलों में कुल 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त किया है। मामले की जांच के लिए पुलिस चार युवकों को थाने लेकर आई थी, जिनमें से दो के खिलाफ कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार दीपावली की रात करीब 10:30 बजे 15 वर्षीय आकाश पिता दिनेश सोलंकी घर में मां लक्ष्मी जी पूजा करने के बाद बाहर देसी पोटाश गन से आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान पोटाश गन में पोटाश भरते समय अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बालक का अंगूठा अलग हो गया और हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दो मामलों में 4590 किलो पोटाश जब्त

घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पोटाश गन व विस्फोटक सामग्री की बिक्री से जुड़े संदेह में चार युवकों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जांच के बाद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 23 किलो 300 ग्राम और 22 किलो 600 ग्राम पोटाश जब्त किया। कुल जब्त सामग्री का वजन 45 किलो 900 ग्राम है।

पुलिस ने इदरीस अली पिता अजगर अली (36) और मोहम्मद हुसैन उर्फ सद्दाम पिता अब्दुल रहमान (36), दोनों निवासी लौंग पोटल्ला खुजनेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

खुलेआम बिक्री पर उठे सवाल

इस हादसे के बाद नगर में पोटाश और कार्बाइड गन की बिक्री को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। नागरिकों का कहना है कि खतरनाक आतिशबाजी के सामान बच्चों तक पहुंचना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से पोटाश गन और विस्फोटक सामग्री की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

श्री खाटू श्याम मंदिर में विधि-विधान से हुआ गोवर्धन पूजन, छप्पन भोग लगाया

भव्य आरती में शामिल हुए श्रद्धालु, परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



शहर के श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गिरिराज गोवर्धन का विधि-विधान से पूजन किया गया और उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया।

सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने परिसर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की।

पूजन के बाद भगवान गोवर्धन की भव्य आरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सामूहिक रूप से आरती की। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान गोवर्धन के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आरती के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गोवर्धन पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। आयोजन में मंदिर समिति के सदस्य और शहर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।